नैक (NAAC) द्वारा “A” ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय) *(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

हिंदी विश्वविद्यालय में स्वरचित कविता पाठ

वर्धा दि. 27 दिसंबर 2015: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के 18वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर दिनांक 23 दिसंबर, 2015 को ‘स्वरचित कविता-पाठ प्रतियोगिता’ आयोजित

की गई। इस प्रतियोगिता के संयोजक **प्रदीप त्रिपाठी** थे जो वर्तमान में हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग के शोध-अध्येता हैं। विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित इस कविता पाठ प्रतियोगिता में कुल **46 प्रतिभागियों** ने शिरकत की। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्रदर्शनकारी कला विभाग के कृष्ण मोहन को दिया गया। द्वितीय पुरस्कार के हकदार रहे नितीश भारद्वाज,

प्रदर्शनकारी कला विभाग। तृतीय पुरस्कार संयुक्त रूप से दो लोगों को प्रदान किया गया-कुमार गौरव, प्रदर्शनकारी कला विभाग एवं मेघा आचार्य, अनुवाद विभाग। प्रोत्साहन पुरस्कार की हकदार विकास

एवं शांति अध्ययन केंद्र की शोध-छात्रा नेहा नेमा रही। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल के सदस्य के रूप में साहित्य विद्यापीठ अधिष्ठाता प्रो. कृष्ण कुमार सिंह, केरल विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के

अध्यक्ष डॉ. उमेश कुमार सिंह, हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग के वरिष्ठ सहायक प्रोफेसर डॉ. रामानुज अस्थाना शामिल थे। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार/सम्मान 29 दिसंबर की सांस्कृतिक संध्या

में प्रदान किया जाएगा एवं उनका काव्य-पाठ स्थापना दिवस समारोह की अगली कड़ी दिनांक 31 दिसंबर की सांस्कृतिक संध्या में(शाम 6 बजे) होना मुकर्रर है।